प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्र सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठ और आदिवासियों के धर्मांतरण से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में हलफनामा दायर किया है। हलफनामे में कहा गया है कि राज्य के संताल परगना इलाके में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है, जिससे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गयी है। शपथ पत्र में यह भी कहा गया है कि घुसपैठियों को बाहर करने के लिए क्षेत्र में एनआरसी लागू करना जरुरी है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि इस मामले की विस्तृत सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

****

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक हार स्वीकार कर चुके हैं। यही कारण है कि वे अधिकारियों को मोहरा बना रहे हैं। राज्य की कैबिनेट सचिव द्वारा राजनीतिक बयानबाजी को लेकर चुनाव आयोग को शिकायती पत्र भेजे जाने पर श्री वाजपेयी ने कहा कि किसी अधिकारी को ऐसा करने की अनुमति कार्यपालिका नियमावली नहीं देती है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का दावा किया है। जमशेदपुर के डिमना चौक पर उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने भाजपा के प्रति आभार व्यक्त किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। इस सिलसिले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की और तैयारियों की समीक्षा की। इस बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है।

****

हजारीबाग आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेडोकला बरकट्ठा को पूरे झारखंड में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट–एनक्वास और कायाकल्प में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद बोकारो के ललपनिया से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त जारी करेंगे। इस योजना के तहत अब तक 48 लाख से ज्यादा महिलाओं का निबंधन हुआ है।

****

झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आज हजारीबाग सर्किट हाउस में आयोजित की गई, जिसमें हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ और कोडरमा जिले में पड़नेवाले विधानसभा क्षेत्र के दावेदारों से संवाद किया गया।

****

बिजली विभाग ने देवघर और मधुपुर इलाके में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर उनतीस उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं तीन लाख इक्तालीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि दर्जनों उपभोक्ताओं के घरों से बिजली काट दी गई है।

****

पाकुड़ जिले की पुलिस ने अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छब्बीस हाइवा को जब्त किया है। सभी हाइवा पश्चिम बंगाल के फरक्का से गोड्डा ले जाये जा रहे थे। पुलिस ने इन वाहनों से पांच लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला है।

****

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया है कि इस दौरान रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात होने की भी चेतावनी दी गयी है।

*********समाप्त********